प्रैस नोट

दिनांक 18.02.2021

थाना खुजदेहात पुलिस द्वारा यशोदा हत्याकाण्ड में संलिप्त मुख्य अभियुक्त अनिल को भी आलाकत्ल छुरी सहित किया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 11.02.2021 को थाना खुर्जा देहात क्षत्रान्तर्गत ग्राम बगराई-खुर्द के पास सड़क किनारे एक महिला, जिसकी गला काटकर हत्या की गयी थी, का अज्ञात शव मिला था, आस-पास जानकारी करने पर मृतका की पहचान श्रीमती यशोदा (उम्र करीब-35 वर्ष) पत्नी नवबहार सिंह निवासी ग्राम प्याना कला थाना खानपुर बुलन्दशहर के रुप में हो गयी थी। उक्त घटना के संबंध में मृतका के भाई हरदयाल सिंह पुत्र बिशनलाल ग्राम अकरबास कनैनी थाना अहमदगढ़ बुलन्दशहर की तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा देहात पर मुअसं-34/2021 धारा 302/201/120बी भादवि बनाम अनिल पुत्र अमीचन्द जाटव निवासी ग्राम अकरबास कनैनी थाना अहमदगढ़ बुलन्दशहर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक देहात श्री हरेन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी खुर्जा श्री सुरेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थानाप्रभारी खुर्जा देहात को निर्देशित किया गया था। थानाप्रभारी खुर्जादेहात द्वारा गहनता से की गयी विवेचना/कार्यवाही मे हत्याकांड में संलिप्त नामजद अभियुक्त अनिल के अतिरिक्त उसकी बहन राजकुमारी उर्फ नेहनी पत्नी विजय सिंह निवासी भैसरोली थाना सलेमपुर बुलन्दशहर, संजय कुमार पुत्र अतर सिंह व गौतम पुत्र रतनलाल उर्फ भोला मिस्त्री निवासीगण ग्राम अकराबास कनैनी थाना अहमदगढ़ बुलन्दशहर के नाम भी प्रकाश में आये थे।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.02.2021 को हत्याकाण्ड में संलिप्त अभियुक्त संजय कुमार व राजकुमार उर्फ नेहनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है एवं दिनांक 13.02.2021 को अभियुक्त गौतम पुत्र रतनलाल उर्फ भोला मिस्त्री को भी घटना में प्रयुक्त ईको गाड़ी सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

आज दिनांक 18.02.2021 को थानाप्रभारी खुर्जा देहात श्री आनन्दवीर सिंह मय पुलिस फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य अभियुक्त अनिल को भी सैंदा फरीदपुर नहर पुल से समय करीब प्रातः 08.50 बजे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। अभियुक्त अनिल की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त छुरी भी बगराई गेट के पास सडक किनारे झाडियों से बरामद कर ली गयी है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- अनिल पुत्र अमीचंद निवासी ग्राम अकरबास कनैनी थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी -

1- आलाकत्ल छुरी

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं-43/2021 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के नाम-

1- श्री आनन्दवीर सिंह थानाध्यक्ष खुर्जा देहात

2- अन्य कर्मचारीगण।